>

Title: Need to convert Akola-Khandwa junction metre-gauge line into broad gauge line.

श्री सुभाष बापूराव वानखेडे (हिंगोली): सभापति महोदय, मैं आपके माध्यम से शासन का ध्यान आकर्षित करना चाहता हूं कि अकोला से खंडवा मीटरगेज को ब्रॉडगेज लाइन में बदलने का काम गए तीन-चार साल से चल रहा है। अकोला से खंडवा की दूरी लगभग 176 किलोमीटर है, पिछले चार सालों से काम चल रहा है, लेकिन अभी तक पूरा नहीं हो पाया है। सन् 2010-2011 के रेल बजट में इस कार्य के लिए 30 करोड़ रुपए का प्रावधान किया गया था, जबकि काम कुछ भी नहीं हुआ है। सिर्फ 14 किलोमीटर लाइन का टेंडर निकला है। इतनी धीमी गति से अगर काम चलेगा तो इस पूरे कार्य को करने में कम से कम 20 साल का समय लगेगा। मेरी सरकार से विनती है कि वैस्टर्न और सेंट्रल रेलवे दोनों का टेंडर एक साथ निकाला जाए, जिससे कार्य शीघ्रता से पूरा हो सके। इसके साथ ही बजट को भी बढ़ाना चाहिए, ताकि कार्य में विलम्ब न हो सके। इस कार्य के पूरा हो जाने से महाराष्ट्र, आंध्र प्रदेश, तमिलनाडू राज्यों से बिहार, पंजाब, उत्तर प्रदेश और कोलकाता शहर आने-जाने में सुविधा हो जाएगी और इन राज्यों का सामान एक राज्य से दूसरे राज्य सुगमता से पहुंच सकेगा। इसलिए मेरी शासन से विनती है कि अकोला-खंडवा रेल लाइन को जल्द से जल्द ब्रॉडगेज में करने के काम को पूरा किया जाए।